प्रेस नोट

दिनांक 21.01.2025

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया मंगलवार परेड का निरीक्षण एवं गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल।

आज दिनांक 21 जनवरी 2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर ने पुलिस लाइन, हमीरपुर में साप्ताहिक मंगलवार की परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया।

आगामी गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2025) को होने वाली परेड का रिहर्सल करवाया। परेड के दौरान उन्होंने सभी टोलियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और अनुशासन व एकरूपता सुनिश्चित करने हेतु टोलीवार ड्रिल कराई। ड्रिल के माध्यम से पुलिसकर्मियों के समन्वय, अनुशासन और परेड कौशल को परखा गया। निरीक्षण के दौरान, पुलिसकर्मियों के शारीरिक और मानसिक फिटनेस पर विशेष ध्यान देते हुए दौड़ का भी आयोजन किया गया। इस दौरान में क्षेत्राधिकारी रिजर्व, पुलिस लाइन हमीरपुर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।